**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 4241 जिसका उत्तर

**शुक्रवार, 20 दिसंबर, 2024/29 अग्रहायण, 1946 (शक)** को दिया जाना है

**औद्योगिक गलियारों और पत्तनों के बीच संपर्क**

**†4241. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में पत्तनों (बड़े / छोटे) को औद्योगिक गलियारों / अंचलों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) से जोड़ने के संबंध में हाल ही में कोई सर्वेक्षण/अध्ययन कराया है;

(ख) यदि हां, तो देश के उक्त क्षेत्रों / अंचलों से कम संपर्क वाले ऐसे पत्तनों (बड़े / छोटे) की राज्यवार और आन्ध्र प्रदेश में जिलावार सूची क्या है;

(ग) सम्पूर्ण देश में उक्त क्षेत्रों / अंचलों को पत्तनों से समुचित रूप से जोड़ने के लिए प्रस्तावित, कार्यान्वयनाधीन और वर्तमान में कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं का राज्यवार और प्रकाशम जिले सहित आन्ध्र प्रदेश में जिलावार ब्यौरा क्या है; और

(घ) सम्पूर्ण देश में उक्त क्षेत्रों / अंचलों को पत्तनों (बड़े / छोटे) से जोड़ने में बढ़ोतरी करने के प्रयोजनार्थ आवंटित, जारी और उपयोग की गई कुल निधि का राज्यवार और प्रकाशम जिले सहित आन्ध्र प्रदेश में जिलावार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) और (ख)**: पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा 'औद्योगिक नोड्स से पत्तनों की संपर्कता' पर एक रिपोर्ट तैयार की गई है, जिसमें एनआईसीडीआईटी के अंतर्गत विभिन्न औद्योगिक कॉरीडोर के अंतर्गत सभी मौजूदा और भावी नोड्स की तुलना में समुद्र पत्तनों की संपर्कता का आकलन और दूरी का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट में एनआईसीडीआईटी के तहत सभी औद्योगिक नोड्स में 62 नए सड़क और रेल अवसंरचना के अंतरालों की पहचान की गई है। आंध्र प्रदेश राज्य में पत्तनों और औद्योगिक नोड्स की सूची, जहां सड़क / रेल अवसंरचना की दूरी की पहचान की गई है, संलग्न है। [अनुबंध-I]

**(ग) और (घ)**: सागरमाला कार्यक्रम का एक उद्देश्य समग्र लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए बेहतर पत्तन संपर्कता, पत्तनों और उनके संबंधित पश्चक्षेत्रों के बीच कार्गो की कुशल आवाजाही है। सागरमाला

कार्यक्रम में पत्तन संपर्कता का एक समर्पित स्तंभ है जिसमें पत्तनों की अंतिम छोर और उसके तुरंत बाद के पश्चक्षेत्र से संपर्कता पर फोकस किया गया है। मंत्रालय ने सागरमाला कार्यक्रम के पत्तन संपर्कता स्तंभ के तहत देश भर में लगभग 2 लाख करोड़ रु. की 266 परियोजनाओं की पहचान की है। इन परियोजनाओं को सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, रेल मंत्रालय, महापत्तनों और अन्य केंद्रीय/राज्य एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित किया जाना है। सागरमाला कार्यक्रम के तहत पत्तन संपर्कता परियोजनाओं का आंध्र प्रदेश राज्य सहित राज्यवार विवरण संलग्न है। [अनुबंध-II]

सागरमाला योजना के अंतर्गत, मंत्रालय ने पत्तन संपर्कता स्तंभ के तहत तटीय राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में 1259 करोड़ रु. से अधिक की 17 परियोजनाओं का आंशिक वित्त पोषण किया है। सागरमाला योजना के पत्तन संपर्कता स्तंभ के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में जारी की गई निधियों सहित परियोजनाओं का विवरण संलग्न है। [अनुबंध-III]

अनुबंध-I

| क्र. सं. | पत्तन का नाम | औद्योगिक कॉरीडोर | राज्य | जिला |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रेल संपर्कता:<br>• कृष्णापट्टनम पत्तन<br>• कामराजार पोर्ट लिमिटेड<br>• विशाखापट्टणम पत्तन प्राधिकरण<br>• चेन्नै पत्तन<br>सड़क संपर्कता:<br>• कृष्णापट्टनम पत्तन | सीबीआईसी के अंतर्गत कृष्णापट्टनम औद्योगिक क्षेत्र (2,006 एकड़) | आंध्र प्रदेश | नेल्लोर |
| 2 | रेल संपर्कता:<br>• कृष्णापट्टनम पत्तन<br>• कामराजार पोर्ट लिमिटेड<br>• विशाखापट्टणम पत्तन प्राधिकरण<br>• चेन्नै पत्तन | वीसीआईसी के अंतर्गत कोप्पर्थी (5,760 एकड़) | आंध्र प्रदेश | कडपा |
| 3 | रेल संपर्कता:<br>• कृष्णापट्टनम पत्तन<br>• कामराजार पोर्ट लिमिटेड<br>• विशाखापट्टणम पत्तन प्राधिकरण<br>• चेन्नै पत्तन | वीसीआईसी के अंतर्गत चित्तूर (8967 एकड़) | आंध्र प्रदेश | चित्तूर |
| 4 | रेल संपर्कता:<br>• विशाखापट्टणम पत्तन प्राधिकरण<br>• गंगावरम पत्तन<br>• काकीनाडा पत्तन<br>सड़क संपर्कता:<br>• विशाखापट्टणम पत्तन प्राधिकरण<br>• काकीनाडा पत्तन | वीसीआईसी के अंतर्गत नक्कापल्ली (4318.63 एकड़) नोड | आंध्र प्रदेश | अनकापल्ली |
| 5 | रेल संपर्कता:<br>• कृष्णापट्टनम पत्तन<br>• कामराजार पोर्ट लिमिटेड<br>• चेन्नै पत्तन | एचबीआईसी के तहत ओर्वाकल (9305 एकड़)। | आंध्र प्रदेश | कुरनूल |

अनुबंध - II

| क्र. सं. | राज्य | पूरी की गई | | कार्यान्वयनाधीन | | विकासाधीन | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | # | लागत (करोड़ रु.) | # | लागत (करोड़ रु.) | # | लागत (करोड़ रु.) |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 16 | 9312 | 21 | 33340 | 17 | 11116 |
| 2. | असम | | | | | 4 | 251 |
| 3. | बिहार | | | | | 1 | 125 |
| 4. | गोवा | 4 | 51 | 4 | 3643 | 1 | 1332 |
| 5. | गुजरात | 8 | 8048 | 2 | 1153 | 22 | 11316 |
| 6. | झारखंड | | | | | 1 | 37.5 |
| 7. | कर्नाटक | 4 | 388 | 5 | 2487 | 18 | 4267 |
| 8. | केरल | 4 | 4699 | 2 | 1426 | 16 | 5069 |
| 9. | महाराष्ट्र | 10 | 5327 | 5 | 3705 | 24 | 24810 |
| 10. | ओडिशा | 11 | 13800 | 8 | 8735 | 8 | 11744 |
| 11. | पुदुच्चेरी | 1 | 3081 | 1 | 1549 | | |
| 12. | तमिलनाडु | 16 | 3724 | 5 | 10956 | 8 | 3972 |
| 13. | तेलंगाना | | | | | 1 | 25 |
| 14. | उत्तर प्रदेश | | | | | 1 | 45 |
| 15. | पश्चिम बंगाल | 10 | 3769 | 1 | 14 | 6 | 5703 |

अनुबंध-III

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | परियोजना लागत (करोड़ रु.) | स्वीकृत निधि | जारी निधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कॉन्वेंट जंक्शन- विशाखापट्टणम पत्तन को पार करते हुए एच-7 क्षेत्र से पत्तन संपर्कता सड़क तक ग्रेड सेपरेटर का निर्माण | 46.34 | 23.17 | 21.99 |
| 2. | एनएच-5 तक पत्तन सड़क संपर्कता को 2 से 4 लेन का बनाना - चरण II | 77.00 | 20.00 | 20.00 |

*****